**Swami Atmanand Government English Medium Model College, Bilaspur (C.G.) 495001**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलसापुर (छ.ग.) 495001


Address: - Old High Court Building, Bilaspur (C.G.), website:– sagemmcbsp.in, E-mail:– sagmmc.bsp@gmail.com

Bilaspur, Date – 17.12.2025

# -// प्रतिवेदन //-

विषय :– दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव 15 एवं 16 दिसम्बर 2025 में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम बिलासपुर के छात्रों की प्रस्तुति एवं प्राप्त स्थान।

बिलासपुर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के छात्रों ने बिलासपुर बहतराई स्थित स्व. बी.आर. यादव, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र में जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपनी सहभागीता सुनिश्चित किया। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. राजकुमार सचदेव के सानिद्ध में महाविद्यालय से बी.एससी. गणित तृतीय वर्ष के छात्र देवरत देवांगन ने चित्रकला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कविता लेखन में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी मिश्रा ने काव्य पाठ की प्रस्तुति दी ।


कार्यालय प्राचार्य,स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम, आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
https://www.sagemmcbsp.com e-mail: sagemmc.bsp@gmail.com

क्र./485/सूचना/2025 बिलासपुर, दिनांक– 03/12/2025

सूचना

महाविद्यालय सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी 15 एवं 16 दिसंबर को बिलासपुर के बहतराई स्थित स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया जा रहा है, इस युवा उत्सव में निम्नलिखित विधायें संपन्न होगी –

1. लोक नृत्य 2. पंथी नृत्य 3. राउत नाचा 4. सुआ नृत्य 5. कर्मा नृत्य 6. लोक गीत 7. वादविवाद 8. कहानी लेखन 9. चित्रकला 10. कविता लेखन 11. नवाचार 12. एकांकी 13. पारंपरिक वेशभूषा 14. रॉकबैंड

उक्त युवा उत्सव की विधाओं में सम्मिलित होने हेतु एवं विस्व्रत नियमावली की जानकारी हेतु डॉ. राजकुमार सचदेव, हिन्दी विभाग में दिनांक 11.12.2025 तक संपर्क करें।


डॉ. राजकुमार सचदेव
प्रभारी प्राध्यापक

प्राचार्य
Principal
Swami Atmanand Govt English Medium Model College Bilaspur (C.G.

महाविद्यालय द्वारा जारी सूचना




छात्र देवव्रत द्वारा बनाई गई पेंटिंग
विषय :– नशे के दुष्परिणाम एवं दूर रहने के लाभ


कार्यालय प्राचार्य,
स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम,
आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
https://www.sagemmcbsp.com e-mail: sagemmc.bsp@gmail.com

कमांक/514/स्था./2025 बिलासपुर दिनांक– 13/12/2025

प्रति,

सहायक संचालक,
खेल एवं युवा कल्याण,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :– युवा उत्सव 2025–26 में सहभागिता विषयक्।

संदर्भ :– आपका पत्र क्र./1547/खे.यू.क./यू.क./यू.उ./2025–26 बिलासपुर दिनांक 28.11.2025

———000———

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ अनुसार लेख है कि 15 एवं 16 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थी अधोलिखित प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

| क्रमांक | विधा का नाम | विद्यार्थी का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कविता लेखन | खुशी मिश्रा | श्री अरविन्द मिश्रा | बी.ए. तृतीय सेमेस्टर |
| 2. | चित्रकला | देवरत देवांगन | श्री हेमंत कुमार देवांगन | बी.एस.सी. गणित तृतीय वर्ष |

दिनांक 15.12.2025 को प्रतिभागी खुशी मिश्रा के साथ मेनेजर रूप में डॉ. प्रेमलता सिंह अतिथि व्याख्या अंग्रेजी उपस्थित रहेंगी ।

आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर प्रदान करें

डॉ. राजकुमार सचदेव
प्रभारी प्राध्यापक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

Principal
Swami Atmanand G English Medium Mo College, Bilaspur (C

पृ. कमांक/515/स्था./2025 बिलासपुर दिनांक– 13/12/2025

प्रतिलिपि :–

1. डॉ. प्रेमलता सिंह अतिथि व्याख्मता अंग्रेजी को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

डॉ. राजकुमार सचदेव
प्रभारी प्राध्यापक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

Principal
Swami Atmanand English Medium M College, Bilaspur (

महाविद्यालय की सहभागिता

**Swami Atmanand Government English Medium Model College, Bilaspur (C.G.) 495001**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**Address: - Old High Court Building, Bilaspur (C.G.), website:– sagemmcbsp.in, E-mail:– sagmmc.bsp@gmail.com**

दैनिक भास्कर बिलासपुर आंचलिक 21-12-2025

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज के छात्रों ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में बनाई जगह

बिलासपुर| खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव बहतराई स्टेडियम में हुआ। महोत्सव में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र देवरत देवांगन ने पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा खुशी मिश्रा ने काव्य पाठ किया। प्राचार्य डॉ. यूके श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के



साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा सिद्ध की है। युवा उत्सव प्रभारी प्राध्यापक डॉ. राजकुमार सचदेव ने कहा कि ऐसे मंच युवाओं की छिपी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और महाविद्यालय प्रशासन आगे भी छात्रों को ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता (पेंटिंग) में द्वितीय स्थान प्राप्त की प्रेस विज्ञप्ति –01

बिलासपुर

**आयोजन • जिला स्तरीय महोत्सव में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

## युवा महोत्सव: समाज में बढ़ते नशे व दहेज प्रथा पर पेंटिंग-नाटक कर जीते पुरस्कार

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का समापन मंगलवार को बहतराई स्टेडियम में हुआ। इस महोत्सव में युवाओं ने अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही वर्तमान समय में समाज व्याप्त कुरीतियों व बढ़ते नशे पर प्रहार कर नशामुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। नशे के खिलाफ बनाई गई तीन पेंटिंग को पुरस्कृत की गईं। वहीं दहेज प्रथा दूर करने व बेटियों को सशक्त बनाने को लेकर सीपत स्कूल की ओर से पेश किए गए नाटक हम किधर जा रहे को पहला स्थान मिला।

युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मंच प्रदान के उद्देश्य से जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव 15 व 16 दिसंबर को हुआ। इसमें 300 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करती पेंटिंग बनाने के लिए हर्ष रजक को पहला, देवव्रत देवांगन को दूसरा व रिचा कश्यप को तीसरा स्थान मिला। समापन पर 13 विधाओं में दी गई प्रस्तुतियों व कला प्रदर्शन के लिए बिलासा कॉलेज के प्राचार्य एसआर कमलेश ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस दौरान खेल विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का, खेल अधिकारी सुशील अमलेश, कुलदीप सिंह बरार, क्रीड़ा अधिकारी सुनील गौरहा, हरगुलशन सिंह, राकेश टोप्पो, दिल कुमार राठौर आदि मौजूद रहे।

**13 विधाओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित**





पेंटिंग से नशा और सामान्य लाइफ स्टाइल बताया, वहीं नाटक कर दहेज प्रथा को उजागर किया।

### पंथी, राउत व सुआ नृत्य में सीवीआरयू की टीम रही विजेता

लोकनृत्य में शुभम लहरे व साथी पंथी दल रलिया विजेता बने। पंथी नृत्य, राउत नाचा व सुआ नृत्य में डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय कोटा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वाद-विवाद में अम्बुज कुमार द्विवेदी प्रथम, मोनिश सिंह द्वितीय और अजय कुमार बंजारे तृतीय रहे। कविता लेखन में निधि तिवारी प्रथम, बबीता पटेल द्वितीय व मानसी तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं।

कहानी लेखन में देवेन्द्र कुमार ने प्रथम, श्रुति साहू ने द्वितीय तथा दीपांजली अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकांकी नाटक में शासकीय मदनलाल शुक्ल विद्यालय, सीपत प्रथम रहा। विज्ञान मेले में राजकुमार प्रधान प्रथम स्थान पर रहे। पारंपरिक वेशभूषा में रागिनी विश्वकर्मा प्रथम रहीं। करमा नृत्य में सविता एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**23 से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, बिलासपुर को मिली मेजबानी:** युवा महोत्सव के जिला स्तरीय आयोजन अब पूरे हो चुके हैं। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 23 दिसंबर से होगा। इसकी मेजबानी बिलासपुर को मिली है। इसकी तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी शुरू हो चुका है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता (पेंटिंग) में द्वितीय स्थान प्राप्त की प्रेस विज्ञप्ति –02